**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 01.04.2025 समय : 1905

**<><><><><><><>**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने डिजिटल भुगतान प्रणाली में भारत को वैश्विक स्तर पर अग्रणी राष्ट्र बनाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के प्रयासों की सराहना की।
- कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से दस दिवसीय पुस्तक मेला आज से शुरू।
- दक्षिण अंडमान जिले में होटलों, अतिथि आवासों और लॉज के लिए आदेश जारी।
- अमृत 2.0 योजना के तहत जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित।

**<><><><><><><>**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि भारतीय रिजर्व बैंक – आरबीआई ने देश के भुगतान ढांचे को लगातार आधुनिक बनाकर और फिनटेक पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देकर भारत को डिजिटल भुगतान में वैश्विक नेतृत्व में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज मुंबई में आरबीआई के 90वीं वर्षगांठ समारोह में राष्ट्रपति ने कहा कि पिछले नौ दशकों में केंद्रीय बैंक की उल्लेखनीय यात्रा सरकार की दृष्टि और नीतियों के अनुरूप रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जैसे–जैसे भारत अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी के करीब पहुंच रहा है, विकसित भारत दो हजार सैंतालीस मिशन के लिए एक ऐसे वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र जरूरत है, जो अभिनव, अनुकूल और सभी के लिए सुलभ हो। राष्ट्रपति मुर्मु ने नाबार्ड, आई डी बी आई और राष्ट्रीय आवास बैंक जैसी प्रमुख संस्थाओं की स्थापना करके वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने में आरबीआई के योगदान को भी स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि इन संस्थाओं ने कृषि, लघु व्यवसाय और आवास क्षेत्रों को आवश्यक सहायता प्रदान की है।

**<><><><><><><>**

कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से आज से दस दिवसीय पुस्तक मेले का शुभारंभ हो चुका है। प्रदर्शनी मैदान मे आयोजित ये पुस्तक मेला दस अप्रैल तक चलेगा। इस अवसर पर द्वीपों के उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने आज सवेरे दस बजे पुस्तक मेले का उद्घाटन किया, जिसमें बड़ी संख्या में पुस्तक प्रेमी, छात्र, लेखक और प्रकाशक पहुंचे। इस पुस्तक मेले में लगभग चालीस स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें मुख्यभूमि और भारत के विभिन्न प्रकाशकों की पुस्तके प्रदर्शित की जा रही है। मेला दिन में ग्यारह बजे से रात नौ बजे तक खुला रहेगा। यह पुस्तक न केवल सभी उम्र के पाठकों को लाभान्वित करेगा, बल्कि लेखकों को जनता से जुड़ने का अवसर भी प्रदान करेगा। मेले में आए प्रकाशक अभिषेक ने विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम के प्रबंधन पर खुशी जाहिर की।

ये मेला हर उम्र के लोगों के लिए किताबे उपलब्ध कराएगा, जिसमें साहित्य और इतिहास से जुड़ी पुस्तकें भी शामिल होगी। मेले का उद्देश्य लोगों में पढ़ने में संस्कृति को बढ़ावा देना और ज्ञान का प्रचार–प्रसार करना है।

**<><><><><><><>**

दक्षिण अंडमान ज़िले में राष्ट्र विरोधी ताकतों के संदिग्ध गैर गतिविधियों को रोकने और जनता तथा उनकी सम्पत्तियों की रक्षा के लिए जिला उपायुक्त अर्जुन शर्मा की ओर से सभी होटल, आतिथि आवासों, लॉज और होम स्टे मालिकों के लिए लिखित आदेश जारी किया गया है। आदेश में कहा गया है कि जिन होटलों, अतिथि आवासों, लॉज और बेड एंड ब्रेकफास्ट के पास वैध लाइसेंस है, उन्हें ही जिले में संचालित करने की अनुमति है। ऐसे सभी प्रतिष्ठानों में समुचित मात्रा में सीसी टीवी कैमरा भी होने चाहिए, जिसके जरिए लोगों के परिसरों में प्रवेश और निकासी का पता चल सके। सभी कैमरा कार्य करने की स्थिति में हो और कवरेज को कम से कम तीस दिनों तक संरक्षित रखना होगा। ऐसे सभी संस्थानों को परिसर में रहने वाले लोगों के बारे में पूर्ण जानकारियां रखने के लिए रजिस्टर भी बनाए रखना होगा और संबधित लोगों की वैध पहचान की कॉपी भी रिकॉर्ड के लिए रखनी होगी। ऐसे सभी प्रतिष्ठानों को फार्म सी भरकर निर्धारित अवधि के भीतर प्राधिकृत अधिकारी के पास जमा करना होगा। यह आदेश लागू हो चुका है, जो अगले साठ दिनों तक जारी रहेगा। आदेश में इसका पालन करने को कहा गया है। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा दो सौ आठ के तहत कार्रवाई की जाएगी।

**<><><><><><><>**

दक्षिण अंडमान ज़िले में आवासीय और वाणिज्यिक संस्थानों को किराए या उप–किराए पर देने से पहले इसमें रहने वाले लोगों की जानकारी नजदीकी पुलिस थाने में देने को कहा गया है। ज़िला मजिस्ट्रेट की ओर से इस संबंध में आदेश जारी करते हुए यह कहा गया है कि इस निर्णय से असामाजिक तत्वों के भागने या छिपने पर रोक लगाया जा सकता है और इससे लोगों की सुरक्षा तथा ज़िले में शांति को भी कायम किया जा सकेगा। आदेश के तहत किसी भी मकान मालिक या वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के प्रबंधक या मालिकों को किराएदारों या पेईंग गेस्ट को रखने से पहले स्थानीय पुलिस थाने में इसकी जानकारी देनी होगी। नौकर के संबंध में भी यह आदेश लागू होगा। यह आदेश लागू हो चुका है और अगले साठ दिनों तक लागू रहेगा।

<><><><><><>

द्वीपसमूह के मछुआरा कल्याण संघ ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत मछली पकड़ने वाले जहाजों और नावों के लिए बीमा प्रीमियम अनुदान योजना के कार्यान्वयन को मंजूरी देने के लिए केन्द्र सरकार को धन्यवाद दिया है। इस योजना में बीमा प्रीमियम में महत्वपूर्ण छूट दी जाती है, जिसमें केन्द्र सरकार एक बड़ा हिस्सा वहन करती है, जिससे मछुआरों पर वित्तीय बोझ कम होता है। द्वीपसमूह के शासी निकाय सदस्य एस. यू. महेश्वर राव ने कहा कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना द्वारा मछुआरों को उनके कल्याण हेतु अधिकतम लाभ मिलेगा।

<><><><><><>

नगरपालिका परिषद ने अमृत 2.0 योजना के तहत जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम शुरू किया है। इस कार्यक्रम के तहत नगर क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में जल संचय और वर्षा जल संरक्षण विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता दो श्रेणियों में होगी, जिसमें पहली श्रेणी में पहली से आठवीं कक्षा के छात्र भाग लेंगे, जबकि दूसरी श्रेणी में नवीं से बारहवीं कक्षा तक के छात्र इस विषय पर अपने विद्यालय में नारा लेखन प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। इच्छुक विद्यार्थी नौ चार तीन चार दो आठ सात एक नौ तीन पर कॉल कर चित्रकला और नारा लेखन की प्रविष्टियां जमा कर सकते हैं। सभी प्रविष्टियों का संग्रह ग्यारह और बारह अप्रैल को किया जाएगा।

<><><><><><>

भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने नेशनल ओवरसीज़ स्कॉलरशिप योजना शुरू की है। ये योजना समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों विशेष रूप से अनुसूचित जाति, जनजाति, कृषि श्रमिकों और कारीगर समुदाय के छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए विदेशों में मास्टर या पी एच डी करने में सहायता करेगी। आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इच्छुक छात्र सत्ताईस अप्रैल तक एन ओ एस पोर्टल पर आवेदन जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी स्कीम पोर्टल पर उपलब्ध है।

<><><><><><>

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने जून–दो हजार पच्चीस टर्म एंड परीक्षा की असाइंमेंट और इंटर्नशिप रिपोर्ट जमा करने की अंतिम तिथि तीस अप्रैल तक बढ़ा दी है। जो छात्र जून में परीक्षा देना चाहते हैं, उन्हें अपने असाइंमेंट तीस अप्रैल से पहले अपने संबंधित अध्ययन केन्द्रों में जमा करने होंगे। अधिक जानकारी के लिए इग्नू के आधिकारिक वेबसाइट देखी जा सकती है।

<><><><><><>